CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 104 रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा : साय

## सुशासन लाने हम कर रहे भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद



**रायपुर**, 9 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में एक साल के भीतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नए-नए रिफॉर्म लाकर भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर रही है। भ्रष्टाचार को रोकने भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। वे आज सुशासन तिहार के अंतर्गत सूरजपुर जिले के ग्राम पटना में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कुमेली घाट को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने 81.90 लाख तथा सरना-देवगुड़ी के विकास के लिए 45.42 लाख रूपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न सड़कों, पुल-पुलियों के लिए 48 करोड़ 26 लाख रूपए की मंजूरी दी।

- कुमेली घाट को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने 81.90 लाख और सरना-देवगुड़ी के विकास के लिए 45.42 लाख रूपए की घोषणा
- 48 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों को दी मंजूरी
- पटना के समाधान शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में कहा कि भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब भूमि के ऑनलाइन रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण भी उसी दिन हो जा रहा है। पहले भूमि के रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए महीनों चक्कर काटना पड़ता था। अब रिफॉर्म के बाद एक ओर जहां भूमि की रजिस्ट्री में होने वाली धोखाधड़ी रूकेगी, वहीं लोगों को सुविधा भी मिलेगी। इसी प्रकार पारिवारिक दान और हक त्याग के मामलों को भी आसान किया गया है। अब 500 रूपए के शुल्क के साथ परिवार के सदस्यों को भूमि एवं संपत्ति दी जा सकती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंचायतों में बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराने पहले चरण में राज्य में 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के दिन से 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजीटल सेवा केन्द्र (कॉमन सर्विस सेंटर) शुरू किए गए हैं। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को राशि के लेन-देन तथा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 6 माह के भीतर 5 हजार ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवासहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए आवास प्लस-प्लस के लिए सर्वे किया जा रहा है। सभी आवासहीन इस सर्वे करा लें, जिससे कि उन्हें आवास मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने शिविर में चार हितग्राहियों को मछली जाल, 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, चार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। इसी प्रकार उन्होंने चार हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति और दो-दो हितग्राहियों को पशु शेड और बकरी शेड की स्वीकृति आदेश प्रदान किया। कार्यक्रम को खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और 15 ग्राम पंचायतों से आए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित

### बलौदाबाजार के बलदाकछार पहुंचा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर

रायपुर, 9 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की आम जनता की समस्या के निराकरण के लिए साय सरकार का सुशासन तिहार जारी है। विशेष अभियान के तीसरे चरण का आज 5वां दिन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज औचक निरीक्षण पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुदूर वनांचल गांव बलदाकछार पहुंचे। सीएम के आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। बता दें कि 5 मई से 'सुशासन तिहार' के तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 31 मई तक आकस्मिक दौरे पर निकलेंगे। इस विशेष अभियान के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी जिले या गांव में अचानक पहुंच सकते हैं। सीएम साय का दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। स्थानीय प्रशासन से लेकर आम जनता तक, किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं होगी कि मुख्यमंत्री साय कब और कहां पहुंचेंगे। सीएम साय किसी भी जिले में पहुंचकर आमजनों से सीधे संवाद करेंगे और ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लेंगे। वे समाधान शिविरों में भी शामिल होंगे और लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (स्ष्ट्रक्र) और कोरिया जिले का दौरा कर जनहित योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया था।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला : आईपीएल 2025 का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित




### भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर लिया गया फैसला

**नई दिल्ली,** 9 मई (न्यूज चैनल)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले, आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है।

इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आईपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था। बीसीसीआई अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, %यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चल रहा है।% आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को यूएई स्थानांतरित करने का फैसला किया था।

### पाकिस्तान से तनाव के बीच रद्द हुई इंडिगो फ्लाइट्स

**नई दिल्ली,** 9 मई (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान से तनाव के बीच इंडिगो ने 10 मई तक कई जगहों पर फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। श्रीनगर, अमृतसर, बीकानेर, जोधपुर, जम्मू, चंडीगढ़, धर्मशाला की फ्लाइट्स कैंसिल की गई हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अमित शाह व जेपी नड्डा ने की स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली,** 9 मई (न्यूज चैनल)। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान से लगती सीमा और हवाई अड्डों पर सुरक्षा की समीक्षा के लिए बीएसएफ, सीआईएसएफ एवं बीसीएएस के महानिदेशकों, गृह सचिव और आईबी के निदेशक के साथ बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। कंट्रोल सेंटर से पूरी निगरानी की जा रही है। बैठक में देशभर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गई।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में जैश के 7 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया

**नई दिल्ली,** 9 मई (न्यूज चैनल)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। यह कोशिश 8 मई की रात करीब 11 बजे की गई। एक्स पर एक पोस्ट में, बीएसएफ जम्मू ने लिखा, 8 मई 2025 को लगभग 2300 बजे, बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों ने बताया सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार की सुबह जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने का संदेह वाले सात आतंकवादी मारे गए। यह ऑपरेशन 8 मई को रात 11 बजे के आसपास शुरू हुआ, जब बीएसएफ के जवानों ने सांबा सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी। बीएसएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में पुष्टि की। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच तेजी से बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हुई।

## राजनाथ सिंह ने की सीडीएस- सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा



**नई दिल्ली,** 9 मई (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए।

भारत ने कल रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था। पाकिस्तानी प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आई हैं। इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया। इसने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने की कोशिश की।

### चंडीगढ़ में बजा एयर सायरन, लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस सख्ती से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उससे पाकिस्तान पूरी तरह बौखला गया है। आतंकियों के अड्डों पर भारत के एक के बाद एक प्रहार के जवाब में पाकिस्तान ने गुरुवार रात एक साथ कई मोर्चों पर जवाबी हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने उसे हर कदम पर नाकाम कर दिया। वहीं, चंडीगढ़ में भारतीय वायुसेना स्टेशन से संभावित हवाई हमले की चेतावनी के बाद पूरे शहर में सायरन बजाए गए और प्रशासन ने नागरिकों को घरों के भीतर रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त कार्यालय की ओर से लोगों को बालकनी और छत से दूर रहने की अपील की गई है। पाकिस्तान की ओर से हमले की कोशिश के चलते जम्मू, पंजाब और अन्य सीमावर्ती राज्यों में स्कूल-कॉलेज अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। कई जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है और आपात सेवाएं सक्रिय कर दी गई हैं। पाकिस्तान की ओर से जम्मू, पठानकोट और जैसलमेर जैसे संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश की गई। लेकिन भारत का अत्याधुनिक एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम हर हमले पर भारी पड़ा। एक के बाद एक पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया।

## पाकिस्तान का राजस्थान पर दो बार हमला नाकाम, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बचाई देश की सरहद

पुलवामा हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर राजस्थान को निशाना बनाने की कोशिश की। 1971 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान ने राज्य के सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं, लेकिन भारतीय सेना की सतर्कता और अत्याधुनिक तकनीक ने उनकी सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। पहला हमला- 7-8 मई की रात, पाकिस्तान ने उत्तरलाई, नाल और फलोदी एयरबेस को निशाना बनाकर मिसाइल दागीं। भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। दूसरा हमला- 8 मई की रात करीब 9 बजे, जैसलमेर-पोकरण सैन्य ठिकानों पर ड्रोन के झुंड से हमला किया गया। भारतीय सेना ने सभी ड्रोन को आसमान में ही मार गिराया। सुरक्षा के मद्देनज़र जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और पाली जिलों में ब्लैकआउट रहा। जैसलमेर में रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट जारी रहेगा। जैसलमेर से चलने वाली 4 ट्रेनें आज रद्द कर दी गई हैं। सरहदी एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार देर रात हाईलेवल मीटिंग की। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 9 अधिकारियों की तैनाती बॉर्डर एरिया में की गई। फायरमैन के खाली पदों को तत्काल भरा गया। वहीं राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई । श्रीगंगानगर में कॉलेज और कोचिंग सेंटर बंद कर दिया गया । कई गांवों को एहतियातन खाली कराया गया। राजस्थान में हालात बेहद संवेदनशील हैं। सीमावर्ती इलाकों में सेना और प्रशासन अलर्ट पर है। आमजन से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

## रायपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ाई गई




**रायपुर,** 9 मई (हाईवे चैनल)। देशभर में बढ़ते सुरक्षा खतरे और पाकिस्तान द्वारा ड्रोन व मिसाइल हमलों के बाद आज रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है. जम्मू एयरपोर्ट पर हुए आत्मघाती ड्रोन हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर रायपुर सहित सभी प्रमुख एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है. एयरपोर्ट परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में सीआईएसएफ और राज्य पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं. ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एंटी-ड्रोन यूनिट्स को भी एक्टिव कर दिया गया है. एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से डिपार्चर टाइम से कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की है. चेक-इन प्रक्रिया उड़ान से 75 मिनट पहले बंद कर दी जाएगी।

## पूर्व सीएम बघेल की याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- दुर्ग सांसद की चुनाव याचिका में पर्याप्त साक्ष्य, जारी रहेगी सुनवाई



**बिलासपुर,** 9 मई (हाईवे चैनल)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी. कोर्ट ने याचिका के तकनीकी बिंदुओं को लेकर इसे खारिज करने की मांग खारिज कर दी है. इस मामले की सुनवाई अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

पाटन विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए दुर्ग सांसद विजय बघेल ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका लगाई गई है. याचिका में भूपेश बघेल के द्वारा भ्रष्ट आचरण किए जाने संबंधी कई दस्तावेज़ों का उल्लेख करते हुए उनका निर्वाचन रद्द करने की मांग की गई है. इधर भूपेश बघेल की ओर से तकनीकी और अन्य आपत्तियों के आधार पर इस चुनाव याचिका को खारिज करने की मांग की गई है. हाईकोर्ट में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है. अब विजय बघेल द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी. कोर्ट ने अपने निर्णय में लिखा है - चुनाव याचिका में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद है और इसे इस स्तर पर खारिज नहीं किया जा सकता है।

### चॉकलेट देकर रेप करने वाले आरोपी को आजीवन सजा, हाईकोर्ट का फैसला

**बिलासपुर,** 9 मई (हाईवे चैनल)। कोरबा में 7 साल की बच्ची से रेप मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि यौन उत्पीड़न के लिए पीड़िता का बयान अहम है। जिसके आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने आरोपी की अपील को खारिज करते हुए उसके मरते दम तक जेल में रहने की सजा को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की है। दरअसल, कोरबा में सात साल की बच्ची की मां ने 16 मार्च 2022 को सिटी कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया था। उसने बताया कि उसकी मासूम बेटी को चॉकलेट खिलाने के बहाने अपने साथ लेकर गया। जिसके बाद मौका पाकर उसने बच्ची के साथ रेप किया। मामला कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस दौरान उसने बच्ची को डराया-धमकाया और इस बारे में किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह अपने घर पहुंची मासूम ने अपनी मां को आपबीती बताई। मामला सामने आने पर वो बच्ची को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी रितेश उर्फ पप्पू मामा को गिरफ्तार किया, जिसके बाद कोर्ट में चालान पेश किया। ट्रायल के दौरान कोर्ट ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। साथ ही उसे मरते तक कैद की सजा सुनाई।

### बिरादरी की बातें



चूहा- सुनती हो, हम सबको अपने-अपने घर में युद्ध का अभ्यास कर लेना चाहिए..!

चुहिया- हां जी, लेकिन हम लोग तो सब पहले से पारंगत हैं।

CMYK